## अभ्यास कार्य पत्र

विषय : हिन्दी　　　कक्षा : चार　　　दिनांक : ------------------

नाम : ------------------------------------　　　वर्ग : -------------

---

**प्र.(१) नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

मोहन एक छोटा लड़का है। आम के पेड़ के नीचे बैठकर पाठ याद करता है। मोहन के पिता को एक परेशानी थी। आम के पेड़ में जब फल लगते,बाहर से बच्चे पत्थर मारकर आम तोड़ने की कोशिश करते। रोज़-रोज़ की घटनाओं से तंग आकर मोहन के पिता ने आम का पेड़ कटवाने का निश्चय कर लिया। एक दिन पेड़ काटने वाले कुल्हाड़ी लेकर आ गए। मोहन ने पेड़ काटने से मना किया, "मैं इस पेड़ को काटने नहीं दूँगा। यह मेरा दोस्त है"। पेड़ सारी ज़हरीली गैस लेकर हमें साफ़ हवा देता है। ठंडी छाया और मीठे फल देता है।

(क) मोहन किस पेड़ के नीचे बैठकर पाठ याद करता है ?

(ख) पेड़ काटने वाले क्या लेकर आए ?

(ग) मोहन के पिता को क्या परेशानी थी ?

(घ) पेड़ क्या लेकर क्या देता है ?

(ङ) गद्यांश में से छाँटकर दो संयुक्त अक्षर वाले शब्द लिखिए।

**प्र.(२) नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -**

(क) वृक्ष

(ख) जंगल

(ग) पक्षी

(घ) राजा

(ङ) फूल

**प्र.(३) नीचे दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय शब्द छाँटकर लिखिए-**

(क) शेर जंगल का राजा है।

(ख) साँप बहुत ज़हरीला होता है।

(ग) आम फलों का राजा है।

(घ) मोर वर्षा में नाचता है।

(ङ) सीता राम की पत्नी थी।

**प्र.(४) अपने मित्र को जन्मदिन उत्सव में सम्मलित होने के लिए निमंत्रण-पत्र लिखिए-।**